हमारी फसलें-2

अध्याय-5 (हमारी फसलें – 1) में तुमने खरीफ की फसलों की जानकारी इकट्ठी की थी और तालिका – 1 में भरी थी । इस तालिका – 1 को फिरसे अपनी कापी में बना लो । इस अध्याय की भी यह तालिका – 1 कहलाएगी । इस अध्याय में तुम्हें रबी की फसलों के बारे में उसी प्रकार की जानकारी इकट्ठी करनी है जैसी तुमने खरीफ की फसलों के लिए की थी ।

इसके लिए परिभ्रमण पर जनवरी या फरवरी माह में निकलो । परिभ्रमण पर जाने की तैयारी भी ठीक उसी प्रकार से करनी है जैसी कि तुमने खरीफ की फसलों के लिए की थी ।

सर्वेक्षण

चार-चार की टोलियों में 5-10 किसानों से उनके खेतों में बोई गई फसलों की जानकारी लो एवं तालिका – 1 में भरो । (1)

इन फसलों में से कोई तीन फसलों के बारे में बोनी से लेकर फसल मिलने तक की क्रियाओं को रेखाचित्र द्वारा समझाओ । (2)

खरीफ और रबी की फसलों की उक्त जानकारी के आधार पर अब हम फसलों का समूहीकरण करेंगे तथा कुछ संबंधित प्रश्नों के उत्तर खोजेंगे ।

समूह बनाओ

सर्वेक्षण के आधार पर रबी में बोई जाने वाली फसलों के निम्नलिखित समूह बनाओ –

दलहन फसलें
तिलहन फसलें
अनाज वाली फसलें
नगदी फसलें
साग-सब्जियां
हरे चारे की फसलें
हरी खाद की फसलें (3)

इसी प्रकार और गुणधर्म सोचकर रबी की फसलों के अधिक से अधिक समूह बनाओ । (4)

निम्नलिखित वाक्यों को अपनी कापी में लिखो और खरीफ और रबी की फसलों की जानकारी के आधार पर उनके आगे सही (✓) या गलत (×) के निशान लगाओ –

(क) अनाज वाली फसलें एकबीजपत्री होती हैं ।

(ख) दलहन फसलें एकबीजपत्री भी हो सकती हैं और दोबीजपत्री भी ।

(ग) तिलहन फसलें एकबीजपत्री भी हो सकती हैं और दोबीजपत्री भी ।

(घ) हरे चारे के बीज में सदा दो बीजपत्र होते हैं ।

(च) सुधरी हुई (उन्नत) नस्लों को आम तौर पर देसी नस्लों ही तुलना में अधिक बार सिंचाई चाहिए । (5)

विशेष अभ्यास

नीचे वाली तालिका में कटाई के बाद उपज को प्राप्त करने के तरीकों के आधार पर चार समूह बनाए गए हैं । हरेक समूह में एक-एक उदाहरण दिया गया है ।

ऐसे अधिक उदाहरण ढूंढकर तालिका में भरो । (6)

तालिका – 2

सीधे दावन द्वारा	झड़ाकर	हाथ से तोड़कर	पीटने के बाद दावन द्वारा
गेहूं	तिल्ली	मूंगफली	तुअर

जिन खोजा तिन पाइयां

खरीफ में बोकर रबी में कटने वाली फसलों की सूची बनाओ। (7)

एक ऐसी फसल का नाम बताओ जिसे तैयार होने में एक साल लग जाता है। (8)

गेहूं की निम्न नस्लों को पकने में कितना समय लगता है –

(क) देसी गेहूं
(ख) कल्याण सोना
(ग) सोनालिका (9)

पकने की अवधि में अंतर का खेती में क्या महत्व है ? (10)

हरी खाद का क्या लाभ होता है ? (11)

प्रदर्शनी

प्रदर्शनी के लिए नीचे दिए समूहों में से किन्हीं पांच को चुनो –

एकबीजपत्री और दोबीजपत्री
दालें
अनाज
तेल वाले बीज
उन्नत नस्लें
सब्जियां
फल

अपने संग्रह की चीजों को समूहवार पुष्टे पर चिपकाकर या सिलकर सजाओ । हरेक चीज के साथ उसके बारे में इकट्ठी की गई जानकारी पर्चियों पर लिखकर चिपकाओ ।

नए शब्द : रबी